राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया, कहा इससे राजस्थान तेजी से आगे बढ़ेगा

राज्यपाल श्री मिश्र 'विकसित भारत, विकसित राजस्थान कार्यक्रम' में राजभवन से ऑनलाइन शामिल हुए

जयपुर, 16 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान को 17 हजार करोड़ रुपए की विकास योजनाओं की सौगात देने के कार्यक्रम में राजभवन से वर्चुअली भाग लिया।

बाद में श्री मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि 17 हजार करोड़ रुपए की रेलवे, सड़क, ऊर्जा, पेयजल, पेट्रोलियम सहित अन्य विभागों से संबद्ध विकास योजनाओं के राजस्थान में क्रियान्वित होने से आने वाले समय में प्रदेश तेजी से विकास की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि इतने बड़े रूप में विकास योजनाओं से यहां सर्वांगीण विकास की राहें खुलेगी युवाओं को भी बड़ी संख्या में रोजगार मिल सकेगा।

————————

राज्यपाल श्री मिश्र से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 16 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी।

राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

——————

Prime Minister
श्री नरेन्द्र मोदी
Shri Narendra Modi
Prime Minister